





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 8 • अंक 108 • मई-जून 2014 • मूल्य : 150/- वार्षिक



**रोमन सैनी**

**सिविल सेवा परीक्षा में समाज को किया गौरान्वित**

## समाज की प्रतिभाएं

### विभिन्न परिक्षाओं में रहे अग्रणी



मनीष परमार
राज. बोर्ड
( बारहवीं कला )
**93.6%**



भानु सैनी
राज. बोर्ड
( कक्षा 10वीं )
**97.1%**



अंशिका सैनी
राज. बोर्ड
( कक्षा 10वीं )
**95.1%**



प्रियल गहलोत
सी.बी.एस.सी.
( बारहवीं कला )
**95.8%**



देवकीनन्दन सैनी
राज. बोर्ड
( कक्षा 10वीं )
**95.0%**



पवन सैनी
राज. बोर्ड
( कक्षा 10वीं )
**93.5%**



पूनम सैनी
राज. बोर्ड
( कक्षा 10वीं )
**90.5%**

# माली समाज की प्रतिभाएं सम्मानित

**शिक्षा के क्षेत्र में 151 और विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले करीब 400 समाज बंधुओं को कृषि मंत्री ने दिया प्रशस्ति पत्र**




**मालपुरा लांबाहरिसिंह में माली समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रभुलाल सैनी व विधायक कन्हैयालाल चौधरी सहित अन्य अतिथि**

मालपुरा। कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज का विकास संभव नहीं है। यहां तक कि शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन भी अधूरा हैं उन्होंने शिक्षा का अलख जगाने का आव्हान करते हुए कहा कि आज बदलते युग में हर घर के बेटें बेटी का शिक्षित होना जरूरी है। कृषि मंत्री मालपुरा के लांबाहरिसिंह गांव में माली समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। लांबाहरिसिंह में माली समाज की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेश भर की 151 शैक्षणिक प्रतिभाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले करीब 400 समाज बंधुओं को सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय माली समाज सेवा संस्थान जिला टोंक व धीवर माली समाज की ओर से लांबाहरिसिंह के हायर सैकेण्डरी स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने समाज की शैक्षणिक व सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली प्रतिभाओं का प्रतीक चिन्ह व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया।इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी व पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, माली समाज के प्रदेश सचिव भगवान हिंडोदिया, मांगीलाल सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल सैनी, मोतीलाल सैनी, पूर्व सरपंच श्रवणलाल माली, लांबाहरिसिंह, महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान प्रदेशाध्यक्ष व प्रदेश सचिव जागृति मंच नाथूलाल सोलंकी, जिलाध्यक्ष प्रहलाद तलाइच, संरक्षक कालूराम धूसरिया, जिला महासचिव प्रहलाद वढेरा, जिला सचिव भागचन्द, तहसील अध्यक्ष हंसराज सैनी, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल सैनीव रोशनलाल सैनी सहित अन्य अतिथि थे। माली समाज लांबाहरिसिंह व माली सेवा संस्थान की ओर से प्रभुलाल सैनी व कन्हैयालाल चौधरी सहित सभी अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया।

### सामुदायिक भवन की घोषणा

कृषि मंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए समाज विकास योजना के तहत लांबाहरिसिंह में माली समाज के सामुदायिक भवन के निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आर्थिकरूप से कमजोर परंतु उच्च योग्यता रखने वाले बालक बालिकाओं को शिक्षा सहायता के लिए जयपुर में माली समाज के लोगों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़े।



**सम्मान समारोह में पधारे समाज बंधु**

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 108 ● मई-जून : 2014 ● मूल्य : 150/- वार्षिक


## सम्पादक मण्डल

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )

( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

( पूर्व पार्षद )

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**

(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**

(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**

(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

### आवरण कथा




**धूमधाम से मनाया माली समाज धर्मशाला सुंधा पर्वत का 13वां वार्षिक उत्सव**


**माली समाज की प्रतिभाएं सम्मानित**

धूमधाम से मनाया माली समाज धर्मशाला सुंधा पर्वत का 13वां वार्षिक उत्सव

श्री मद् भागवत कथा के दौरान हुआ भगवान श्री राम का गुणगान

**विशनलाल सिंगोदिया बने सैनी जागृति संस्था - सीकर के अध्यक्ष**

**लोकसभा चुनावों में समाज का वर्चस्व बढ़ा**

**देश के शीर्ष पर जयपुर का गौरव**

**माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न**

**दृष्टिबोधित का थामा हाथ**

चढ़ावे की बोलियों में बढ़ चढ़कर श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**अक्षय तृतीया पर 11 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ**

श्रीमद् भागवत कथा पुराण के उपलक्ष्य में निकली मंगल कलश यात्रा

**समाज में पुनर्विवाह को बढ़ावा**

**समाज की प्रगृति के लिए शिक्षा जरूरी है**

**श्रीमती प्रची सैनी को मिला प्राध्यापक स्कूल शिक्षा के चयन में प्रथम स्थान**

**स्वर्ण कलश स्थापना महोत्सव मनाने की तैयारी**

**किसान और शिक्षक से मंत्री बने रालोसपा के उपेन्द्र कुशवाहा**

**माली समाज द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर**

**बदांयु कांड के दोशियों को फॉसी दो**

**माली समाज वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से गौशाला मे डाला हरा चारा**

**बालिका छात्रावास बनकर तैयार**

**पत्रिका का विमोचन**

# सम्पादक की कलम से ...



## समाज संगठन में पत्रिका का सहयोग....



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

हिंदु संस्कृति अत्यन्त विलक्षण है। हिन्दु संस्कृति में चार वर्ण है। प्रत्येक वर्ण में कई जाति समाज है। प्रत्येक समाज के निर्माता क्रान्तदर्शी ऋषि मुनि हुए है, जिन्होंने जाति समाज के अनुसार सभी को मर्यादित एवं सुसंस्कृत करने का संदेश दिया है। परंतु जो मनुष्य समाज की विधि को छोड़क अपनी इच्छा अनुसार मनमाना आचरण करता है वह न सिद्धि को, न सुखशान्ति को और न परमगति को ही प्राप्त करता है। ऐसा गीता में वर्णन है।

वर्तमान समय में उचित शिक्षा, वातावरण आदि का अभाव होने से, महात्मा फूले के आदर्शो के अनुसार क्या करना चाहिये और क्या नहीं करना चाहिये ? इसे कुछ नई पीढ़ी के लोग जानते भी नहीं और जानना भी नहीं चाहते। जो बुजुर्ग एवं वरिष्ठ समाजजन उन्हें सामाजिक आचार-विचार, व्यवहार बताते है तो उनकी बात न मानकर अपना अस्तित्व अलग बनाकर समाज को कमजोर और छोटे आकार का बनना चाहते है। ऐसा मनमाना आचरण करने से समाज में विघटन की स्थिति पैदा होती है और रिश्तेदारियों में भी तनाव व मनमुटाव पैदा हो रहा है जिससे समाज कमजोर होता है, जो कभी विकास के पथ पर आगे नहीं बढ़ पाता।

माली सैनी संदेश पत्रिका समाज की नव चेतना का आधार है। संपूर्ण समाज को एक सूत्र में पिरोने वाली यह पत्रिका मानस पटल को गौरवान्वित एवं मार्ग प्रशस्त करने वाली सफलता पूर्वक अपने प्रकाशन से समाज को एक नई दिशा एवं नये आयाम एवं विचार विमर्श प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

समाज के सभी वर्गो के सहयोग से पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। समाज के अनेकों संस्थाओं द्वारा समय समय पर समाज हितार्थ कार्य किये जा रहे है। समाज में राजनिति के क्षेत्र में भी जागरूकता आई है लेकिन हमारी जनसंख्या के अनुरूप यह बहुत कम है। कुछ स्वार्थी समाज पदाधिकारियों के कारण समाज में एकजुटता नहीं हो पा रही है हमारा प्रयास जनजागरण से समाज में एकजुटता लाना है तथा समाज को नई उंचाईयों तक पहुंचाना है। यह तभी सफल होगा जब हम सब मिलकर इस और कार्य करें।समाज को नवस्वरूप प्रदान करने में, जन-जन तक पत्रिका को पहुंचाने के लिए पत्रिका परिवार लगा हुआ है। वर्तमान समय में समाज की राष्ट्रीय धरोहर पत्रिका बनकर हमारे समाज का प्रतिनिधित्व कर रही है।

समाज की विभिन्न गतिविधियां सामुहिक विवाह, समाज उतीान, युवक-युवति परिचय सम्मेलन, शिक्षा संबधी नवीन जानकारियाँ जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व निभा रही हैं । माली सैनी संदेश समाज को पुष्ट करने के लिए एक मजबूत संगठन बनाने की प्रेरणा, उसे आगे बढ़ने की भावना एवं समाजहित में रचनात्मक कार्य करने की सजगता आत्मविश्वास, एक दूसरे के प्रति प्रेम, समर्पण व एक सूत्र में पिराने का कार्य कर रही है और इसे विज्ञान के युग में माली सैनी समाज की प्रथम ई-पत्रिका का भी गौरव हमें प्राप्त हुआ है। जिसके लिए हम आपके आभारी है।

**जय माली सैनी समाज**




# धूमधाम से मनाया माली समाज धर्मशाला सुंधा पर्वत का 13वां वार्षिक उत्सव

बालोतरा। माली समाज धर्मशाला सुंधा पर्वत का 13वां वार्षिक उत्सव एवं शिक्षा जागृति सम्मेलन श्री चेतनगिरी महाराज सोजत व महामंडलेश्वर राघवदास महाराज बालोतरा के पावन सानिध्य में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जागृति सम्मेलन को संबोधित करते हुए बालोतरा नगर परिषद सभापति महेश बी चौहान ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। चौहान ने कहा कि जो समाज शिक्षा की और अग्रसर हुए है उन्होंने प्रगति की है। ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच अध्यक्ष मोतीलाल सांखला ने कहा कि समाज को बालकों की शिक्षा के साथ बालिका शिक्षा की और विशेष ध्यान देना होगा। सम्मेलन के दौरान सांचोर उपखंड अधिकारी आलोक कुमार सैनी ने कहा कि समाज के गरीब तबके के बच्चों के शिक्षा की तरफ अगर समाज के भामाशाह ध्यान देंगे तो वे आगे बढ़कर देश व समाज का नाम रोशन कर सकते है। चेतनगिरी महाराज ने कहा कि समाज शिक्षा के साथ धार्मिक कार्यों में ध्यान देगा तो समाज उन्नती की तरफ बढ़ पाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से विभिन्न स्थानों पर बालक व बालिकाओं के छात्रावासों के निर्माण के लिए समाज के भामाशाहों को आगे आने का आह्वान किया। माली समाज विकास संस्थान सुंधा पर्वत के अध्यक्ष शंकरलाल पूनमाजी सुंदेशा ने आगन्तुकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में सहयोग करने वाले भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन के दौरान गत वर्ष के भामाशाहों का माला,साफा व स्मृति प्रदान कर बहुमान किया गया। मंच का संचालन भंवर परिहार फालना ने किया।



### भजनों पर देर रात तक झूमें श्रद्धालु

माली समाज धर्मशाला के 13वे वार्षिक उत्सव को लेकर रात्रि में सुंधा पर्वत स्थित चामंडा माता मंदिर प्रागंण में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का आगाज भरत भाई बिजापुरी ने गणपति वंदना से किया। उन्होंने गुरू महिमा के साथ कई भजनों की प्रस्तुतिया दी। भजन गायक प्रकाश डी माली गोयली ने भजन सुता वो तो जागों रे नींद सू माताजी थारे घर आया ओ ..,ठुमक ठुमक कर चाल भवानी ..,सहित कई भजनों की शानदार भजनों की प्रस्तुतिया देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सरोबार कर दिया। भजन गायक प्रकाश माली डीसा ने भजन मैं तो रे मनाऊ म्हारी



आशापुरा एं मां ..,भैरूजी ने पालणे झुलावें म्हारी ब्राह्मणी मां ..,की प्रस्तुती देकर देर रात तक समां बांधे रखा। नृत्य कलाकार सरदारसिंह राजपुरोहित ने मां जगदंबा की झांकी का जीवंत प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। भजन संध्या के दौरान आगामी वर्ष के लिए चढ़ावे की बोलिया लगाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति महेश बी चौहान, संस्थान अध्यक्ष शंकरलाल सुंदेशा,पंकज परिहार, फूलचंद सोलंकी, रघुनाथ परिहार,दयाराम सुंदेशा, वसनाराम सुंदेशा, बाबुलाल सुंदेशा, आयुक्त शंकरलाल गहलोत, तहसीलदार चंद्रप्रकाश देवड़ा, तहसीलदार पंकज जैन बालोतरा, पार्षद नैनाराम सुंदेशा, माणक गहलोत, मूलाराम गहलोत, भारताराम सुंदेशा, फाउलाल माली सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# श्री मद् भागवत कथा के दौरान हुआ भगवान श्री राम का गुणगान

बालोतरा। वामन अवतार में हमें जो शिक्षाएं दी है,मानव जीवन में मनुष्य जीतना छोटा हो कर रहेगा उतना हीं उंचा उठेगा। वामन भगवान ने अपने छोटे से वामन अंगूल के स्वरूप में तीन लोको को प्राप्त किया। अगर मनुष्य इस संसार में छोटा बनकर रहता है तो मानों उसने सब कुछ प्राप्त कर लिया। यह बात नगर के गांधीपुरा स्थित माली समाज भवन में कथ वाचक महामंडलेश्वर राघवदास महाराज ने श्री राधे सेवा संगठन महिला मंडल की ओर से आयोजित श्री मद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान शुक्रवार को कहीं। उन्होंने कथा के दौरान कहा कि रामचरित मानस में बताया गया है कि राम को जन्म देने वली माता कौशल्या थी मगर राम को मर्यादा पुरषोत्तम बनाने वाली माता कैकेयी थी। राघवदास महाराज ने बताया कि भागवत पुराण में वर्णन है कि जब-जब धर्म की हानि होगी अधर्म का बोलबाला होगा तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेंगे। उन्होंने कहा कि कई जन्मों के पुण्य प्रताप से भागवत श्रवण का मौका मिलता है। भगवान श्री कृष्णा का सानिध्य पाने के लिए सभी ऋषियों ने गोपियों का रूप धारण किया था। भगवान ने गोपियों की इ%छा पर हीं शरद पूर्णिमा की रात्रि को यमुना के तट पर रासलीला की थी। प्रेम व विश्वास से बहुत बड़ी ताकत होती है। इसी भावना से प्रेरित होकर भगवन श्री कृष्ण ने गिरीराज पर्वत को अपनी अंगुली पर उठा दिया था। कथा के दौरान वृंद्धावन वाले पंडिल कन्हैयालाल शर्मा ने नंदजी के अंगना में



बज रहीं आज बधाई व नंद के आनंद भयो जै कन्हैयालाल की आदि सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा के दौरान कई मनमोहक झांकियों का जीवंत प्रर्दशन किया। इस मौके पर अनिल शर्मा,सुभाष शर्मा,भूपेंद्र दवे,उमाराम माली,कन्हैयालाल सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# विशनलाल सिंगोदिया बने सैनी जागृति संस्था – सीकर के अध्यक्ष

सीकर। सैनी जागृति संस्था, सीकर का स्नेहमिलन एवं नवनिर्वाचन संस्था के राधाकृष्णपुरा स्थित कार्यालय में हुआ । नवनिर्वाचन में संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सैनी ने नये अध्यक्ष के लिए श्री विशन लाल सिंगोदिया का नाम प्रस्तावित किया जिस सबने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष 40 वर्षीय युवा श्री विशन लाल सिंगोदिया पिपराली रोड़ पर स्थित नला का बालाजी ग्राम निवासी श्री पोखरमल सिंगोदिया के पुत्र हैं।

प्रोपर्टी व्यवसायी, हंसमुख एवं मिलन-सार स्वभाव के श्री विशनलाल सीकर में विष्णुजी के नाम से प्रसिद्ध हैं।

नवनिर्वाचन में अन्य पदों पर सर्वसम्मति से इस प्रकार चुनाव हुआ-

वरिष्ठ उपाध्यक्ष- श्री किशनलाल सैनी

महासचिव- श्री प्रहलोद राय सैनी, पार्षद

सह सचिव- श्री मुकेश सैनी

कोषाध्यक्ष- श्री रामावतार सैनी, प्रधानाध्यापक

## सिविल सेवा परीक्षा

# देश के शीर्ष पर जयपुर का गौरव



**जयपुर से सफल रोमन सैनी**

18वीं रैंक
दिल्ली एम्स से एमीबीएस कर रहे है

14 की उम्र में करोड़पति
28 की उम्र में आईएएस
रवि सैनी की 461वीं रैंक,
2001 में जीता था
जूनियर कौन बनेगा करोड़पति

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में मात्र 16 वर्ष की उम्र में एमबीबीएस में दाखिला और अब पहले ही चांस में आईएएस में 18वी रैंक। यह उपलब्धि प्राप्त करने वाले 22 साल के डॉ. रोमन सैनी सबसे कम उम्र के आई.ए. एस. बने है उनका कहना है कि मैने एम्स में दाखिले के समय ही आईएएस की तैयारी के लिए समय तय कर दिया था। जो भी करना हे पहली बार करना है दूसरे मौके का सोचा भी नहीं था। मेडिकल सांइस विषय से आईएएस की तैयारी की और अब प्रशासन में एक नए डॉक्टर का प्रवेश।

डॉ. रोमन सैनी ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय माता अनिता सैनी गृहणी व पिता श्री रामअवतार सैनी (प्राचार्य राजकीय आईटीआई कॉलेज, जयपुर निवासी  कोटपूतली के पास रायकरणपुरा ग्राम) और बड़े भाई डॉ. आवेश सैनी (जे. के. लोन अस्पताल में डॉक्टर) को दिया। डॉ. रोमन सैनी के ननिहाल में डॉ. राजेन्द्र सैनी और उनके बड़े भ्राता डॉ. रामस्वरूप सैनी धनवंतरी अस्पताल, जयपुर के संचालक है। इनकी नानीजी कलावती धर्मपत्नी श्री बनवारी लाल सैनी (पूर्व सरपंच, खेतड़ी ) के चारों भाई सीकर निवासी श्री राम सैनी से.निवृत प्राचार्य एस. के. कॉलेज, श्री लालचंद सैनी सेवानिवृत क्षेत्रीय प्रबंधक, यूको बैंक, डॉ. बी. एल. सैनी, एडिशनल डायरेक्टर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं श्री कन्हैयालाल सैनी सेवानिवृत प्रधानाचार्य है। इस प्रकार इनके परिवार की चारों पीढ़ियां शिक्षा के माध्यम से उच्च पदों पर आसीन हो समाज को गौरवान्वित कर रही हैं।

डॉ. रोमन सैनी का कहना है कि एम्स में कई बार गांवों में जाना होता। हरियाणा के गांवो में जाते तो पता चलता कि मेडिकल क्षेत्र में बहुत कुछ करने की जरूरत है, इसके लिए प्रशासनिक इच्छा शक्ति जरूरी हैं। तभी मैने तय कर लिया कि आईएएस बनना है।

इसके साथ ही अलवर के रवि सैनी ने भी 461वीं रैंक के साथ आईएअस परिक्षा में सफलता प्राप्त की। रवि सैनी 14 वर्ष की उम्र में करोड़पति बन चुके है। 2001 में जूनियर कौन बनेगा करोड़पति में रवि ने विजेता बन समाज का गौरव बढ़ाया था। रवि सैनी 28 की उम्र में आईए एस बनें है।

माली सैनी संदेश परिवार श्री रौमन सैनी को और श्री रवि सैनी को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित करता है।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से आशीर्वाद लेते रोमन सैनी




आई ए एस डॉ. पृथ्वीराज सांखला से आशीर्वाद लेते रोमन सैनी

श्री उपेन्द्र कुशवाहा बनें ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं स्वच्छता विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री

# लोकसभा चुनावों में समाज का वर्चस्व बढ़ा

## माली सैनी समाज के 18 जनप्रतिनिधियों ने जीत का परचम लहराया, समाज में हर्ष की लहर

नई दिल्ली। 16 वीं लोकसभा में समाज के नव निर्वाचित माननीय लोकसभा सदस्यो को एवं उनकी पार्टी व मतदाताओं को बहुत बहुत बधाई। इस लोकसभा चुनावों में भाजपा से श्री राजकुमार सैनी, कुरूक्षेत्र (हरियाणा), श्री सतपाल सैनी, संभल (उ. प्र.), श्री रविन्द्र कुशवाहा सलेमपुर (उ.प्र.), श्री के. पी. मोर्य, फूलपुर (उ.प्र.), कांग्रेस से श्री राजीव सातव, हिंगोली (महाराष्ट्र), राष्ट्रीय लोक समता पार्टी से श्री उपेन्द्र कुशवाहा, काराकाट (बिहार), रामकुमार वर्मा सीतामढी (बिहार), जदयू के संतोश कुमार कुशवाहा, पूर्णिया (बिहार) है।



महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष शंकरराव लिंगे ,महासचिव रामनारायण चौहान कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा एन. एल. नरेन्द्र बाबू ,श्रीपाल सैनी विनय सैनी, चन्द्रकान्ता सैनी एवं सचिव सुकुमार पेटकुले ने दिनांक 16.5.2014 को चुनाव परिणाम आने पर समाज के 8 लोकसभा सदस्य उत्तर भारत में एवं 9 सदस्य दक्षिण भारत में चुनकर आने की जानकारी मिलने पर हार्दिक प्रसन्नता पूर्वक बधाई प्रेषित की है।

श्री वी. एम. पुलवा मोहन वर्मा अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा तमिलनाडू ने जानकारी देते हुए बताया कि एडीएमके के श्री रामचंद्र के. एन. ने ने श्रीपीरूमुबूदर से (ADMK Shri Ramchandran K.N. Sriperumbudur ), श्री हरी जी ने अराकोनम से (ADMK Shri Hari G., Arakkonam), श्री वी अलूमर्ला ने आरानी से (ADMK, Sh. V.Alumalai, Arani), श्री पनारसेलवम वी ने सेलम से (ADMK Sh.Pannerselvam.V, Salem), श्री ए. अरूनमोजिथावेन ने कुर्डरलोर से (ADMK Sh. A.Arunmozhithaven, Cuddalore), श्री भारती मोहन आर. के ने मावीलादुर्तराज से (ADMK, Sh.Bharathi Mohan R.K., Mayiladuthurai) विजयीश्री प्राप्त की। इसके अलावा श्री अबुमनी रामदास ने पीएमके से (PMK, Sh. Ambumani Ramdoss, Dharmapuri) चुनाव लड़ कर धर्मपुरी से जीत हासिल कर समाज का गौरव बढ़ाया।

इस चुनाव में 60 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। 15 वीं लोकसभा में उत्तर भारत में 4 लोकसभा सदस्य एवं 3 राज्यसभा सदस्य रहे जिसमें से वर्तमान में केवल 1 राज्यसभा सदस्य बी.एस.पी. से श्री राजपाल सिंह सैनी मुज्जफर नगर (उ.प्र.) है। वर्तमान संसद में समाज के 18 सांसद है।






कुरूक्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद
श्री राजकुमार सैनी

# माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न



15 जून, टोंक। कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। इसके लिए सभी को भरसक प्रयास कर प्रतिभाओं को आगे लाना होगा। श्री सैनी रविवार को किला प्रांगण में धीवर माली समाज सेवा संस्थान, टोंक के तत्वावधान में आयोजित धीवर शिव माली समाज प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वागिण विकास के लिए युवा आगे आकर सरकार की योजनाओं का लाभा उठाएं। श्री सैनी ने कहा कि शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा है। उन्होंने शिक्षा की अलख जगान को आव्हान् करते हुए कहा कि आज बदलते युग में हर घर के बेटे बेटी शिक्षित होना आवश्यक है।

उन्होंने माली मोहल्ले में एक सामुदायिक भवन बनवानें की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि जयपुर में आर्थिक रूप से कमजोर परंतु उच्च योग्यता रखने वाले बालक बालिकाओं को शिक्षा सहायता के लिए संस्थान संचालित है। समाज के लोगों को सरकारी योजनाओं का भी लाभ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। समाज शिक्षा एवं राजनीतिक क्षेत्र में काफी कमजोर है हमें इस ओर भी ध्यान देना होगा।

अध्यक्षता कर रहे संस्थान के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भंवरलाल धोलस्या व विशिष्ठ अतिथि विधायक श्री कन्हैयालाल चोधरी, पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, पूर्व विधायक श्री मदनलाल सैनी, महात्मा फूले जाग्रति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोतीलाल सांखला, जयपुर नगर निगम के श्री रोशनलाल सैनी, प्रदेश सचिव श्री श्री भगवान हिण्डोलिया, संरक्षक मांगीलाल अजमेरा, प्रदेश महामंत्री श्री सीताराम सैनी भी समारोह को संबोधित किया। इसके पहले जिलाध्यक्ष श्री प्रहलाद तलाइच व समाज के लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद जिले सहित अन्य जिलों से आए तीन दर्जन से अधिक विवाह योग्य युवक-युवतियों ने परिचय दिया। मंच संचालन श्री कालूराम धूसरिया ने किया। इस अवसर पर माली समाज के प्रदेश स्तर के करीब 400 समाज बंधुओं को विभन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। की कक्षा 8 से उच्च अध्ययनप में प्रथम श्रेणी के साथ सर्वोत्तम अंक लाने वाली 125 विद्यार्थियों, 35 सेवानिवृत कर्मचारियो ओश्र दस शिक्षाविद्ों को विशेष पुरस्कार, 41 रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## दृष्टिबोधित का थामा हाथ




इंदौर। केन्द्रिय आर्य युवक परिषद 1111 राष्ट्र समृद्धि महायज्ञ का प्रारंभ योग साधना शिविर से हुआ। इस अवसर पर दृष्टिबाधित वधू का सामान्य वर के साथ विवाह संस्कार हुआ। जिसे पंडित वेद कुमार दीक्षित से सम्पन्न कराया। इस अवसर पर युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन भी हुआ। पंडित योगेन्द्र महंत, डॉ. वेदप्रकाश आर्यआदि ने नवदम्पति को आशीर्वाद प्रदान किया।


प्रमोद गहलोत
शेरसिंह गहलोत

गहलोत एजेन्सीज

(M) 9414766560
876999111




हमारे यहां पर सभी प्रकार के गैस के चुल्हे, भट्टियां, पेट्रोमेक्स, लेम्प व स्टोव लाईटर, गैस गीजर, चिमनी, कुकर, मिक्सी, इलेक्ट्रीक एवं किचन संबधित आईटम व इनके पार्ट्स होलसेल रेट में बेचे व रिपेयर किये जाते है।




दुकान नं. 35- 36 ई, काम्पलेक्स, चाँदसा तकिया मार्केट, सोजती गेट, जोधपुर

INALSA Home Appliances
BAJAJ Electric
Surya flame
Sunflame
PKL LIMITED

# चढ़ावे की बोलियों में बढ़ चढ़कर श्रद्धालुओं ने लिया भाग




बालोतरा। समदड़ी रोड स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर के 11वां पाटोत्सव महामंडलेश्वर राघवदास महाराज,हनुमान बगेची गादिपति नरसिंगदास महाराज,संतोकनाथ महाराज व रामेश्वरदास महाराज के सानिध्य में धूमधाव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पाटोत्सव के तहत सोमवार रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जिसमें भजन गायक जबराराम पंवार ने गणपित वंदना व गुरू महिमा के साथ आगाज किया।

गायक श्याम पालीवाल ने भगवान महादेव,बालाजी जगदंबा व भैरूजी के अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। गायक हर्ष माली ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर देर रात तक समां बांधे रखा। मंच का संचालन ओमप्रकाश पंवार,गणपत पंवार व राजू माली ने किया। मंगलवार को प्रात:ब्रह्म वेला में यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बोलीदाता परिवारों द्वारा आहुतियां दी गई। उसके पश्चात मंदिर के शिखर पर ध्वजा गोविंदराम गोराजी सुंदेशा बालोतरा के परिवार द्वारा चढ़ाई गई तथा माहाआरती के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें माली समाज के सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। भजन संध्या के दौरान विभिन्न चढ़ावे की बोलियां भी लगाई गई। जिसमें महाप्रसादी की बोली भगारामजी, भलाजी, बुधारामजी गहलोत डीसा तथा भजन संध्या की बोली किस्तुरजी रूपाजी गहलोत ने लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर सुनिल परिहार,नगर परिषद सभापति महेश बी चौहान,पूर्व विधायक मदन प्रजापत,समाजसेवी करनाराम पंवार,समाजसेवी मोहम्मद युसुफ भांतगर सरपंच कुंपाराम पंवार,सुजाराम सुंदेशा,होताराम पंवार,सांवलराम पंवार,पंकज परिहार,मंगलाराम टांक,बाबुलाल गहलोत,लुणाराम पंवार,मूलाराम जसोल,भैराराम सोलंकी,हिरालाल पंवार,पुखराज पचपदरा,सांवलराम सिवाना,बाबुलाल क%छवाह,नरसिंग आसोतरा,जगदीश सुंदेशा,भैराराम चौहान,लक्ष्मण,घेवरचंद,चेतन क%छवाह,शिवलाल,माणक गहलोत,श्रवण सुंदेशा सहित बड़ी संख्या में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर 11 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ



अजमेर। अक्षय तृतीया के अवसर पर माली सैनी समाज के 11 जोड़े परिणय सूत्र में बधे। गााजे बाजे के साथ बंदौली निकाली गई। बारात का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । माली सैनी समाज एकता मंच के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन हुआ।

चामुण्डा माता चौराहा से बारात गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। यह विभिन्न मार्गो से होती हुई फॉयसागर रोड़ स्थित बाबा रामदेव धाम पहुंची। इसके बाद सामूहिक तोरण की रस्म अदा की गई। मंत्रोच्चार के साथ 11 परिणय सूत्र में बंधे। बाद में आशीर्वाद समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुचय अतिथि श्री नवीन कछवाहा तथा अध्यक्षता श्री आर. डी. सैनी ने की। समिति अध्यक्ष श्री सुीााष गहलोत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संस्था के संरक्षक श्री महेश चौहान, श्री धर्मराज श्री अजयपाल श्री हेमराज सिसोदिया सहित सैकड़ों समाज बंधुओं की मोजूदगी में विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ।



## समाज में पुनर्विवाह को बढ़ावा

इंदौर। सैनी समाज ने रूढ़ी वादिया को तोड़ते हुए पंचशील नगर में पुनर्विवाह कराकर समाज को नई दिशा व प्रेरणा दी। पंचशील नगर निवासी सीमा सुपुत्री श्री लालाराम सैनी का दूसरा विवाह पालदा निवासी राजेश पुत्र श्री कजोड़मल से कराकर समाज में पुनर्विवाह की मिसाल पेश की है। यहां दोनों वर वधू का विवाह पहले हो गया था। किंतु किन्हीं कारणों से अपने पहले विवाह के साथी से संबध विच्छेद हो गए थे।

समाजजनों एवं परिवार की सहमति से दोनों का पुनर्विववाह कराया गया। इसमें किसी भी प्रकार का दहेज नहीं लिया गया। वहीं समारोह भी सादगी के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑल इण्डिया सैनी महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती अल्का सैनी, श्री नारायण सैनी, श्री मोहनलाल सैनी, सहित सैकड़ों समाज बंधुओं ने नवयुगल को आशिर्वाद प्रदान किया।

## समाज की प्रगृति के लिए शिक्षा जरुरी है

राजस्थान के अधिकांश जिलों में शिक्षा का स्तर काफी नीचा है व समाज की आर्थिक स्थिति भी अधिक मजबूत नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा से समाज काफी दूर है। अत: समाज की अधिकाधिक प्रगति कराने के लिए व समाज की उन्नति करने के लिए समाज के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा समाज में शिक्षा पर जोर देना चाहिए। व अपने आस पास में शिक्षा से संबंधित कोई परेशानी किसी विद्यार्थी को अगर आती है तो उसे समाज के शिक्षित व्यक्तियों एवं समझदार व्यक्तियों के द्वारा उनकी मदद लेनी चाहिए व सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जाने वाली योजना के बारे में बताना चाहिए जिससे उनको मदद मिल सके और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ सके।

## स्वर्ण कलश स्थापना महोत्सव मनाने की तैयारी

श्री एकता हनुमान विकास सेवा समिति की मिटिंग माली खेड़ा ने हनुमान मन्दिर पर अध्यक्ष रामपाल व सचिव दिनेश कुमार माली के सानिध्य में सम्पन्न हुई। जिसमें स्वर्ण कलश स्थापना महोत्सव की तैयारी, कार्यकर्ता सम्मान समारोह, शिखर उद्घाटन, अतिथि सम्मान समारोह, कलश यात्रा हवन आदि कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। यह कार्यक्रम नवम्बर दिसम्बर मनाने का निर्णय लिया गया।

इस मीटिंग में रामेश्वर, सोहन, कालूराम, गोपाल, सुमित, किशन, राजू, राजेन्द्र, रोशन, पवन, भैरू, शांतिलाल, कोमल, बाबूलाल सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा पुराण के उपलक्ष्य में निकली मंगल कलश यात्रा

बालोतरा। श्री राधे सेवा संगठन महिला मण्डल की ओर से नगर के गांधीपुरा स्थित माली समाज भवन में श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आगाज हुआ। कथा के उपलक्ष्य में सोमवार सुबह 8बजे नया चोंच मंदिर से गाजे-बाजे के साथ मंगल कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सिर पर मंगल कलश धारण किए महिलाएं व बालिकाएं चल रही थी। चोंच मंदिर पर महिला मण्डल की सदस्यों ने महा मण्डलेश्वर राघवदास महाराज के सान्निध्य में कलश पूजन व श्रीमद् भागवत पुराण का वेदोक्त विधि-विधान व वेदपाठी ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार में पूजन किया।

इसके बाद महिला मण्डल की गायत्री दवे की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। महिला मण्डल की गायत्री दवे ने बताया कि माली समाज भवन गांधीपुरा में 19 से 25 मई तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक महामण्डलेश्वर राघवदास महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण करायेंगे।

## श्रीमती प्रची सैनी को मिला प्राध्यापक स्कूल शिक्षा के चयन में प्रथम स्थान

चूरू निवासी श्री शिवकुमार सैनी, प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम दिल्ली की पुत्रवधू श्रीमती प्राची सैनी का चयन दिल्ली लोक सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित प्राध्यापक स्कूल शिक्षा परीक्षा (विषय रसायन विज्ञान) प्रतियोगिता में हो गया है। प्राची को अपने विष्य की मैरिट में प्रथम स्थान मिला है।

दिल्ली निवासी श्री धर्मपाल दइया सेवानिवृत्त अध्यापक की पुत्री प्राची बचपन से ही मेघावी छात्रा रही है। कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा आपने नवोदय विद्यालय में ग्रहण की। दिल्ली विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षा में मैरिट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। एम.डी.विश्व विद्यालय, रोहतक से अधिस्नातक (रसायन विज्ञान) में मैरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इग्नू द्वारा आयोजित बी.एड. परीक्षा में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्राची सैनी के बड़े भाई विक्रांत सैनी दिल्ली के राजकीय अस्पताल में फार्मासिस्ट पद पर सेवारत हैं जबकि छोटे भाई विकास सैनी एम.बी.बी.एस. कर चुके हैं तथा वर्तमान में दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल से रेडियोलोजी में एम.डी. कर रहे हैं।

प्राची के पति सन्दीप सैनी बी.टेक. करकर सम्प्रति एक इलेक्ट्रोनिक्स कम्पनी में मार्केटिंग मैनेजर हैं।

Personalty of the Month



**श्री उप्रेन्द्र कुशवाहा**
केन्द्रीय मंत्री

## किसान और शिक्षक से मंत्री बने

# रालोसपा के उपेन्द्र कुशवाहा

पटना। बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन कर लोकसभा के चुनाव में शानदार आगाज करने वाली राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा पहली बार केन्द्र सरकार में मंत्री बने है।

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता और राज्यसभा के सदस्य रहे श्री कुशवाहा की करीब एक साल पुरानी पार्टी ने अपने पहले चुनाव में ही शत प्रतिशत सफलता हासिल की है और श्री कुशवाहा को मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हो गया। 03 मार्च 2013 को जनता दल युनाईटेड (जदयू) से अलग होकर श्री कुशवाहा ने नयी पार्टी रालोसपा का गठन किया और इस साल ही फरवरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता जोड़ा। श्री कुशवाहा की पार्टी बिहार में तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और अपने पहले ही चुनाव में उसे तीनों सीटों पर कामयाबी मिली।

श्री कुशवाहा का जन्म 6 फरवरी 1960 को बिहार के वैशाली जिला के जवाज गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। विज्ञान में स्नातक और राजनीति विज्ञान में स्नाताकोतर श्री कुशवाहा सक्रिय राजनीति में आने से पहले शिक्षण के कार्य में जुड़े हुए थे। वह 1985 तक वैशाली के जनदाहा के समता कॉलेज में राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक थे। वर्ष 1985 में नौकरी छोड़ ने के द श्री कुशवाहा 1985 से 1988 तक युवा लोकदल के प्रदेश महासचिव, 1988 से 1993 तक युवा जनता दल और उसके बाद 1994 से 2002 तक समता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रहे। वह पहली बार 2000 में जनदाहा विधानसभा क्षेत्र से समता पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए। इस दौरान वह विधानसभा में समतापार्टी के उप नेता, फिर नेता और बाद में प्रतिपक्ष के नेता भी रहे। श्री कुशवाहा इसके द श्री नीतिश कुमार के साथ मतभेद के कारण पार्टी छोड़कर चले गए लेकिन द में वह फिर जनता दल यूनाईटेड जद (यू) में वापस आये और पार्टी ने उन्हें वर्ष 2010 में राज्यसभा भेजा। बाद में फिर श्री नीतिश कुमार के साथ श्री कुशवाहा का मतभेद हो गया और उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अपनी नयी पार्टी बनाई।



# पत्रिका का विमोचन

**दिल्ली महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान की जानकारी युक्त फूले दर्शन पत्रिका का विमोचन करते श्रीपाल सैनी उपाध्यक्ष, माननीय श्री उपेन्द्र कुशवाहा राजेन्द्रमंत्री भारत सरकार, मा. श्री सत्यपालसिंह सैनी सांसद (संबल), मा श्री राजकुमार सैनी सांसद (कुरूक्षेत्र), रामनारायण चौहान महासचिव**



# मेवाड़ चौखला माली समाज की बैठक सम्पन्न

भीलवाड़ा 11 मई। आम मेवाड़ चौखला माली समाज की जनरल बैठक दिनांक 10 जून, मंगलवार रात्रि 8 बजे माण्डल तहसील अन्तर्गत झरना महादेव प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाललाल माली ने कहा कि एकजुटता से ही समाज की उन्नति संभव है तथा समाज को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा तथा बाल विवाह नहीं करने का भी समाज संकल्प ले। माली ने यह भी कहा कि मेवाड़ के माली समाज को गुर्जरों की तरह आगे बढने के लिए 10 प्रतिशत अति-विशिष्ट आरणक्ष की जरूरत है। इसके बिना मेवाड़ में माली जाति को आगे बढने का चांस नहीं मिल सकता। ओबीसी वर्ग में शामिल सभी जातियों का हक एक शिक्षित जाति ही अपने पक्ष में कर ले जाती है। जिससे यह साबित होता है कि अन्य जातियों का ओबीसी आरक्षण से कोई लेना देना नहीं है। सैनी जाति भी इस व्यवस्था से काफी पीड़ित है।

आम मेवाड़ चौखला माली समाज के कोशाध्यक्ष धनराज माली ने बताया कि रात्रि को हर वर्ष की भांति ऊँकारे"वर महादेव मंदिर की वर्शगांठ महोत्सव के तहत रात्रि जागरण के साथ ही भजन संध्या का आयोजन रखा गया। दिनांक 11 जून को प्रातः 11 बजे आम मेवाड़ चौखला के पंच पटेलों की मौजूदगी में ध्वजा दण्ड चढ़ाने के साथ ही प्रसाद वितरण कर अन्य धार्मिक कार्यक्रम की रस्म भी अदा की गई। इससे पूर्व जनरल बैठक में झरणेश्वर महादेव मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण कार्यों का मेवाड़ से पधारे पंच पटेलों ने अवलोकन कर प्रगति कार्य को संतुश्ट पूर्वक बताया। इस बैठक में भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, राजसमंद जिलों के सभी गांवों से माली समाज के हजारों लोगों ने मीटिंग में भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता चित्तौड़गढ़ निवासी नंदलाल माली ने की। इस अवसर पर आम मेवाड़ चौखला माली समाज के अध्यक्ष बंशीलाल कच्छावा (केरिया), उपाध्यक्ष नाथूलाल कच्छावा, सचिव मदन राजोरा, सहसचिव नंदलाल माली, कोशाध्यक्ष धनराज गढ़वाल, कार्यकारिणी सदस्य पैमा नुईवाल, मदनलाल गहलोत, देबीलाल गढ़वाल, कन्हैयालाल माली, रामसुख दगदी, मूलचंद छुलिवाल, भैरूलाल बुलिवाल, प्यारचंद माली, मूलचंद माली, रामे"वरमाली, उदयराम माली, सोहनलाल माली, नंदराम सतरावला, फंकरलाल माली सहित हजारों की तादात में माली समाज के लोग उपस्थित थे।

# माली समाज द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

भीलवाड़ा 30 जून। माली समाज सम्पति संस्थान व मित्र मण्डल सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आगामी रविवार 6 जुलाई 2014 को नेहरू रोड़ स्थित माली समाज के नोहरे में वि"ााल एक दिवसीय कान, नाक, गला रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर संयोजक गोपाललाल माली ने बताया कि शिविर में आने वाले रोगियों को निःशुल्क दवाईयों के साथ ही ऑडियोमिट्री, सुनाई की जांच तथा कान, नाक, गले की दूरबीन द्वारा निःशुल्क जांच की जायेगी। इस शिविर में राम मनोहर लोहिया हॉस्पीटल, नई दिल्ली की पूर्व चिकित्सक ईएनटी स्पेशिलिस्ट डॉ. रितु गुप्ता व राजस्थान ईएनटी हॉस्पीटल, जयपुर के डॉ. ललित किरण सैनी तथा डॉ. के.एल. कमल जैसे ईएनटी स्पेशिलिस्ट द्वारा प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा रोगियों का उपचार किया जायेगा। माली समाज सम्पति संस्थान के अध्यक्ष बंशीलाल माली ने बताया कि फहर के अलावा बाहर से आने वाले सभी रोगियों के लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ ही निः"ुल्क भोजन संस्था द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा।

मित्र मण्डल सेवा संस्थान के अध्यक्ष अशोक राठी ने बताया कि विशाल शिविर में रामस्नेही चिकित्सालय के सौजन्य से विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन इसी दिन माली समाज के नोहरे में ही किया जायेगा। इस शिविर में एकत्रित रक्त जरूरतमंदों व गरीब लोगों को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जायेगा।

# माली समाज वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से गौशाला मे डाला हरा चारा







सिरोही। माली समाज वेलफेयर सोसाइटी की और से भीषण गर्मी को देखते हूए मुक बधिर पशु-पक्षियो के लिए दाना, पानी व हरा चारा गौशालाओं मे डालने की व्यवस्था अभियान की आज पिपुल फॉर एनीमल की गौशाला में 1 ट्रोली हरा चारा व 100 मक्की व बाजरा डालकर शरूआत की सचिव भवरलाल माली ने बताया कि सोसाइटी द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए भामाशाओ की तरफ से हरा चारा व दाना पशु-पक्षियों के लिए डाला जायेगा आज हरा चारा के भामाशाह प्रकाश बी. माली अध्यक्ष समृद्धि क्रेडिट को आपरेटिव सोसाइटी व पक्षियों के लिए मक्का व बाजरा की व्यवस्था एडवोकेट प्रकाश माली की तरफ से की गयी।

अध्यक्ष रधुभाई माली ने बताया कि सुबह 10.06.2014 को सुबह 8 बजे से पक्षियो के लिए परिन्दे घोंसले, व दाना पात्र व मक्की बाजरा दाने कि व्यवस्था के कार्यक्रम की शरूआत आशापुरी माताजी मन्दिर टेकरी के आस पास बाधंकर की इसके अलावा महाकालेश्वर मन्दिर क्षैत्र वीर भगवान सरलाटेड के आस-पास ढाबा जोड कालकाजी तालाब के आस-पास सैकडो परिन्दे बाधंकर व पक्षियो के लिए पानी की व्यवस्था भी जायेगी।

उपाध्यक्ष ताराराम माली ने बताया कि सोसाइटी के सदस्य कल उपवन सरक्षक से मिलकर पहाडी क्षैत्र के विजोला भागली, बोकी भागली, कलदरी, राजपुरा, बालदा व बाहरीधाटा क्षैत्र स्थानो पर पानी के टेकर पशु- पक्षियों व जानवरो के लिए डालकर जब तक बारिश नहीं आती है तब तक व्यवस्था की जायेगी। इस अवसर पर मगनलाल माली (चिराग), प्रकाश माली (एडवोकेट)ए राजेन्द्र माली, छोगाराम (नर्सरी वाले), छगनलाल माली, दोलाराम माली, चुन्नीलाल, बदाराम, डुगाराम, लालाराम, अमित सिहं देवल, प्रकाश बी माली आदि उपस्थित थे।

# बालिका छात्रावास बनकर तैयार

चूरू। स्थानीय श्री देवीदास हनुमान बगीची सैनी समाज (रजिस्टर्ड) चूरू द्वारा पंखा के पास रतनगढ़ रोड़ में सैनी समाज का बालिका छात्रावास बहुत शानदार बनाया गया है। यह लगभग तैयर है। केवल रंग-रोगन होना शेष है। इस भवन में बालिकाओं के लिए 10 कमरे, एक डाइनिंग होल, 6 लेटरिन, 6 बाथ रूम, एक कार्यालय कक्ष तथा एक वार्डन के निवास के लिए क्वार्टर बन चुके हैं।

इनके अलावा रसोई, स्टोर रूम आदि हैं। भवन में कुल भूमि एक बीघा है। जन सहयोग से समाज का बहुत अच्छा छात्रावास भवन बना है। जो आने वाले समय में समाज के विद्यार्थियों के लिए बहुउपयोगी साबित होगा।

# बदांयु कांड के दोशियों को फॉसी दो

नई दिल्ली । आल इण्डिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपाल सैनी के नेतृत्व मे ग्राम कटरा शहादतगंज जिला बदांयु (उ.प्र.) में गेंगरेप हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने समाज के लोग गये। श्रीपाल सैनी ने बताया कि पीड़ित परिवार ओबीसी में शाक्य समाज से है, जो दलित नहीं है।इस जघन्य काण्ड के आरोपियों को फाँसी की सजा दिलाने तक प्रशासन पहल जारी रखे, निर्भया काण्ड की भाँति इस काण्ड की जाँच की जाए। सपा प्रमुख द्वारा बलात्कारियों के लिये दिये बयान की भी निन्दा की है। समाज की और से पीड़ित परिवार जनों को दस - दस हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की । परिवार एवं ग्राम के लोगों ने समाज द्वारा की गई पहल पर संतोष प्रकट किया।



समाज के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार सैनी ने बताया कि जंतर मंतर दिल्ली पर इस काण्ड के विरोध में केण्डल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। प्रतिनिधि मण्डल में सर्व श्री देवभान सैनी , राजेश सैनी , जयपाल सैनी , धर्म सिंह सैनी , अमित कुशवाहा , ज्ञानचन्द शाक्य , रमेश मोर्य , रामेश्वर शाक्य , चन्द्रपाल शाक्य , सुरेन्द्र कुशवाहा आदि शामिल थे। सभी ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। इससे पूर्व हांसी सैनी समाज के लोगों की एक बैठक हुई। जिसमें आल इण्डिया सेनी सेवा समाज युवा विंग के प्रधान एवं पार्षद श्री हरीराम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मौजूद समाज के लोगो ने यूवी के बंदायू क्षेत्र में सैनी समाज की दो लड़कियों के दुराचार बाद हत्या की कड़ें शब्दों में दिंदा की गई। बैठक में हरीराम सैनी ने कहा कि यूपी दुराचार के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। इसी वजय से वहां की महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने अखिलेश सरकार को अपने क्षेत्र में महिलाओं को सुरक्षा मुहैया करवाने में विफल साबित हो रही है। सैनी ने केन्द्र सरकार के गृहमंत्री से पीड़ित परिवार का न्याय दिलाने की मांग की है।



इसी प्रकार हिसार में भी आल इण्डिया सैनी सेवा समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक में जिला प्रधान डॉ. जयसिंह सैनी की अध्यक्षता में बंदायू कांड की कड़ी निंदा की गई। यह हमारे समाज, मानवता व शासन प्रशासन पर कलंक है। जहां दो सगी बहनों को बलात्कार के बाद फांसी पर लटका दिया गया। इस कांड़ का सैनी समाज की और से देश के हर जिला कार्यालय पर पुरजोर विरोध किया गया।





# माली सैनी संदेश मेरिज ब्यूरो

माली समाज में पारस्परिक रिश्तें कायम करने के लिए विवाह योग्य युवक युवती का रजिस्ट्रेशन(पंजीयन)नि:शुल्क किया जाता है। पत्रिका ऐसे सभी योग्य वर/ वधू का पंजियन कर उनका विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित करेगा इस हेतु लड़की की न्यूनत्तम आयु 18 वर्ष व लड़के की न्यूनत्तम आयु 21 वर्ष होना आवश्यक है। पत्रिका की ओर से वर्ष में एक बार परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा। संभावित रिश्ते वाले दोनों पक्षों को सूचित कर रिश्तें कायम करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

## युवक-युवती व्यक्तिगत विवरण

नवीनतम फोटो

क्रम संख्या.................... दिनांक ..........................................

1. युवक/युवती का नाम.................................................................................गौत्र ..........................................

2. युवक/युवती कार्यरत है, व्यवसाय का नाम व पता.................................................................................

.................................................................................................................................................

..........................................फोन नम्बर............................मोबाईल नम्बर..................................वार्षिक आय.................................

3. शैक्षिक योग्यता ..................................................................................विशेष योग्यता...............................................

3. जन्म तिथि.......................................... ऊँचाई...............................से. मी. वजन......................... किलो

4. शारीरिक रंग : गोरा/गेंहुआ/श्याम.........................चश्में का प्रयोग : हा/ नहीं................. मांगलिक है या नहीं.........................

3. अन्य जानकारी जो आप देना आवश्यक समझें.................................................................................

.................................................................................................................................................

**3. पारिवारिक विवरण**

पिता का नाम...............................................................................माता का नाम...............................................

माता/पिता का निवास स्थान.................................................................................................

.................................................................फोन नम्बर......................................मोबाईल नम्बर......................................

माता/पिता व्यवसायिक पता.................................................................................................

.................................................................फोन नम्बर......................................मोबाईल नम्बर......................................

वार्षिक आय.............................................मकान निजी/किराये का..........................................................

भाई-बहनों की संख्या............................ विवाहित :भाई...................... बहिन........................ अविवाहित :भाई.....................बहिन....................

**4. ननिहाल पक्ष विवरण**

नाना /मामा का नाम व पूरा पता.................................................................................................

.................................................................................................................................................

..........................................................फोन नम्बर.............................................मोबाईल नम्बर.................................

**हस्ताक्षर अभिभावक** दिनांक .......................................... **हस्ताक्षर युवक/ युवती**

भेजे : **माली सैनी संदेश**, पोस्ट बाक्स नं. 09, जोधपुर या फिर ई-मेल करें : **malisainisandesh@gmail.com; www.malisainisandesh.com**

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर(पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपाध्यक्ष, नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मंडल महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री श्यामलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली, (पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा

श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल पुत्र श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा

श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई

# माली सैनी सन्देश

## ही क्यों ?




























### क्योंकि

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

### क्योंकि

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur

Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com

e-mail : editor@malisaini.org

**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**


कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर



# हार्दिक बधाई

## श्री जयप्रकाश माली

समाज के युवा पत्रकार उदयपुर के श्री जयप्रकाश माली को वार्ड जिला संभाग राज्य और राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड के बाद जीवन का पहला अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड नेपाल सरकार की ओर से माननीय राजदूत नेपाल कृष्णा प्रसाद ढकाल के द्वारा प्रदान किए जाने पर नेपाल सरकार का हार्दिक आभार।







## हरियाणा के कुरूक्षेत्र में निर्माणधीन सैनी भवन को विहंगम दृश्य

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# केर इन्स्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज

## प्रिमियर मल्टी-सुपर स्पेशयलिटी ग्रीन अस्पताल

## सीम्स अस्पताल



## डॉ. विनित सांखला

MD, DM - Cardiology (CMC Vellore), FESC, FISE
Fellow - Mayo Clinic, Rochester, USA

**इन्टरवेन्शनल कार्डियोलोजीस्ट एवं कार्डियाक इलेक्ट्रोफिजियोलोजीस्ट**

मोबाईल : **+91-99250 15056**
ई-मेल : vineet.sankhla@cimshospital.org, vineet.cardio@gmail.com
www.cims.me

### इन्वेसीव कार्डियोलॉजी

- इसीजी
- ट्रेडमिल टेस्ट (टीएमटी)
- 2-डी इको और 3-डी इको कलर डॉप्लर के साथ
- एडेनोसाईन और डोब्युटामाइन स्ट्रेस 2-डी इको
- ट्रान्सेसोफेगल इकोकार्डियोग्राफी (TEE)
- होल्टर मोनिटरींग
- 24 घंटे एम्ब्यूलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरींग
- इवेन्ट रेकोर्डर और किंग ऑफ हार्ट लूप मॉनिटर
- टिल्ट टेबल टेस्ट/हेड अप टिल्ट टेस्ट
- सिग्नल एवरेजड इसीजी
- नोन/इन्वेसीव इपी स्टडी(एनआइआइपीएस)

### नॉन- इन्वेसीव कार्डियोलॉजी

- एन्जियोग्राफी
- एन्जियोप्लास्टी और स्टेन्ट्स (सिर्फ आंतरिक, एफडीए प्रमाणित स्टेन्ट्स ही प्रयोग करते है)
- बलून वाल्वयुलोप्लास्टी (सभी वाल्वस)
- बलून एन्जियोप्लास्टी (कोरोनरी, केरोटिड, रिनल, पैर)
- जन्मजात ह्रदय की बिमारी का इलाज
- हाइपरट्रोफिक कार्डियोमायोपथी (PTSMA)

### इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी प्रक्रियाए (ह्रदय की अनियमित धड़कन के लिये)

- इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी अभ्यास (इपीएस) कार्डियाक एरेथिमिया के निदान के लिए (परंपरागत और 3 -डी डायमेन्शनल मेपिंग सिस्टम)
- काम्लेक्ष कार्डियाक ऐरेथिमिया का ऐरेथिमिया का रेडियोफ्रिकवन्सी एब्लेशनस (आरएफओ)
- पेसमेकर इम्लान्टेशन
- हार्ट फेल्योर के लिए बायवेन्ट्रीक्यूलर पेसींग (कार्डियाक रिसिन्क्रोनाइझेशन थेरेपी)
- ओटोमेटिक इम्प्लान्टेशन कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर (एआइसीडी) इम्प्लान्टेशन
- कोम्प्रिहेन्सिव डिवाइस फोलोअप क्लिनिक (पेसमेकर, सीआरटी, एआइसीडी)




CIMS®
Care Institute of Medical Sciences
At CIMS... We Care

**सीम्स अस्पताल**

शुकन मॉल के पास, ऑफ सायनस सिटी रोड, सोला
अहमदाबाद - 380060

एपोइन्टमेन्ट के लिये फोन : **+ 91-79-3010 1200, 3010 1008**
(मो) **+91-98250 66661** ईमेल : opd.rec@cimshospital.org
फोन : +91-79-2771 2771-75 (5 नंबर्स)
फेक्स : +91-79-2771 2770
ईमेल : info@cims.me वेब : www.cims.me

**एम्बयुलन्स और आपातकालीन सेवायें : 91-98244 50000, 97234 50000, 90990 11234**

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं संपादक मनीष गहलोत के लिए
मुद्रक यशवंत भण्डारी द्वारा भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org